तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026

11 चिंवरी टिकरापारा के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के...


12 पहले दिन जिले के 92 प्रतिशत बच्चों ने ली पोलियो की ...




## खबर संक्षेप



### रायपुर जा रही लग्जरी बस में लगी आग

- बाल-बाल बची यात्रियों की जान, अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेन्द्री के पास हुई घटना

**धमतरी।** यात्रियों को लेकर रायपुर जा रही लग्जरी बस में अचानक आग लग गई। बस से धुआं निकलता देख चालक व हेल्पर ने सूझबूझ दिखाते हुए यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बस से उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जगदलपुर की ओर से यात्री लेकर आ रही महिन्द्रा ट्रेव्हल्स की लग्जरी बस धमतरी बस स्टैण्ड पहुंची जहां कुछ सवारी बस में और सवार हो गई। लगभग 50 यात्री लेकर स्लीपर कोच बस धमतरी से रायपुर के लिए निकल गई। बस नेशनल हाईवे से गुजरते हुए रायपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेन्द्री के पास बस के सामने वाले हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने तत्काल स्थिति का अनुमान लगा लिया। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया। उसके बाद चालक व हेल्पर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। कुछ देर बाद बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने बस के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से पहले यात्रियों के सकुशल नीचे उतर जाने से उनकी जान बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग के तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। यात्री अपनी जान बचाने सामान छोड़कर बस से बाहर निकल गए। सूचना पर अभनपुर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दमकल की टीम कड़ी मशक्कत कर आग को बस में फैलने से रोकने में सफल रही।

### 32 प्रकरणों पर सुनवाई 3 जुलाई को



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक 3 जुलाई को धमतरी, बालोद एवं कांकेर जिले के 32 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि यह सुनवाई सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

# रातभर हो रही बिजली कटौती, सूखे खेत से चिंतित हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिजली कटौती से किसान काफी परेशान हैं। बारिश नहीं हो रही है और उपर से रात भर मोटरपंप बंद रहते हैं। खेत इतने सूख चुके हैं कि पानी ठहर नहीं रहा है। बिना पानी के खेती आगे नहीं बढ़ रही है।

अलनीनो के असर से अंचल से मानसूनी बादल गायब हो गए हैं। सिर्फ हल्की बूंदाबांदी हो रही है। खेती की जरूरत के हिसाब से बारिश नहीं हुई है। ऐसे में सिंचाई सम्पन्न किसान अब मोटरपंपों के भरोसे हो गए हैं। यहां भी दगाबाजी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के लिए शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक का समय निर्धारित है, लेकिन विद्युत विभाग पूरी रात बिजली कटौती कर रहा है। दिन में भी मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद की जा रही है। 24 घंटे में मोटरपंपों में 10-11 घंटे भी बिजली नहीं दी जा रही है। परेशान किसानों ने विद्युत विभाग से मांग की है, जब तक बारिश नहीं होती है, तब तक बिजली कटौती न करें।

## मानसून की बेरूखी में मोटरपंप के भरोसे किसान, बिजली बिना हो रही परेशानी



### बीज के खराब होने का खतरा

इस साल अधिकांश किसानों ने खुर्रा बोनी की है। बारिश की पहली फुहार के बाद उन्होंने खेतों में बीज का छिड़काव कर दिया है। उसके बाद से बारिश गायब हो गई है। खेतों में हल्की नमी है, जिसमें बीज तो अंकुरित नहीं होंगे, लेकिन बीज के खराब होने का खतरा बना हुआ है। खेतों में वे मोटरपंप से पानी से डाल रहे हैं, लेकिन कटौती के चलते चार से पांच दिन में एक एकड़ ही पल पा रहा है। जिन किसानों के पास 10-12 एकड़ की खेती है, वे एक माह में पानी सभी खेतों में पानी नहीं पला पाएंगे। बिजली कटौती कम की जाती है तो किसानों को राहत मिलेगी।

### खेत तैयार करने में परेशानी

कई किसानों ने रोपा पद्धति से बोनी के लिए नर्सरी डाल रखी है। नर्सरी में थरहा तैयार हो चुके हैं, लेकिन पानी की कमी से खेत तैयार नहीं हो पा रहा है। चना लगाने के कारण खेत इतने सूख चुके हैं कि पानी मुश्किल से ठहर पा रहा है। उपर से बिजली की कटौती हो रही है। ऐसे में तैयारी और ज्यादा पिछड़ रही है। किसानों ने बताया कि यदि रोपाई में विलंब होता है तो उत्पादन काफी घट जाएगा।

## पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सनसनीखेज वारदात का किया खुलासा

# मछली व्यवसायी की हत्या में पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

योजना बनाकर कातिलों ने जंगल में घात लगाकर मछली व्यवसायी के आने का इंतजार किया। उनके आते ही लाठी, चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। नकदी लूटकर फरार हुए पांचों आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार नगरी क्षेत्र के गोरेगांव, भैंसामुड़ा मार्ग के सुनसान जंगल में शनिवार की देर शाम मछली व्यवसायी विप्लव मंडल उम्र 55 वर्ष की अज्ञात आरोपियों ने लाठी व धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी मछली व्यवसायी से नकदी रकम व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात से अंचल में दहशत फैल गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार व एएसपी के मार्गदर्शन में एसडीओपी नगरी व थाना प्रभारी एवं साइबर थाना की की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक, सुरेन्द्र यादव, जगदीश विश्वकर्मा सहित दो नाबालिग सभी बोईरगांव निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

**लूट की राशि व हथियार बरामद :** पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूट की कुल रकम 37800 रूपये, मृतक के मोबाइल फोन, योजना व आपसी संपर्क में इस्तेमाल 4 मोबाइल, तीन लकड़ी का डंडा, 2 नग धारदार चाकू, दो मोटर साइकिल सहित घटना में प्रयुक्त अन्य सामान को जब्त कर लिया है।

## जंगल में धात लगाकर की थी हत्या




### ये नाबालिग भी शामिल

नगरी पुलिस व साइबर की टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर की सूचना व वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। सघन पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक पिता यशवंत उम्र 19 वर्ष, सुरेन्द्र यादव पिता रमन 26 वर्ष व जगदीश विश्वकर्मा पिता धनीराम 50 वर्ष सभी ग्राम बोईरगांव थाना मैनपुर जिला गरियाबंद निवासी को गिरफ्तार कर विधिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया। इस प्रकरण में संलिप्त दो नाबालिग को चिन्हित कर किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया है।

### 25 जून को हत्या करने की योजना थी

सोमवार को प्रेसवार्ता में घटना का खुलासा करते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक विप्लव मंडल निजी फिश फार्म का संचालन करता था। उसके यहां आरोपी मजदूरी करते थे। मजदूरी बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होने तथा मृतक द्वारा लगातार अपमानजनक व्यवहार व गाली-गलौज किए जाने से आरोपी रंजिश रखने लगे थे। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने 25 जून को हत्या की योजना बनाई थी लेकिन कुछ परिस्थितिवश उसे अंजाम नहीं दे सके। उसके बाद आरोपियों ने दोबारा षड्यंत्र रचते हुए 27 जून को हत्या व लूट की वारदात को अंजाम देने का निर्णय लिया। आरोपियों ने मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी और 27 जून को नगरी बाजार से मछली बिक्री कर घर लौटने की जानकारी मिलते ही आरोपी गोरेगांव-भैंसामुड़ा मार्ग के सुनसान जंगल में घात लगाकर बैठ गए। विप्लव मंडल के वहां पहुंचते ही आरोपियों ने डंडे व धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद सभी आरोपी मृतक के पास रखी मछली की बिक्री रकम 37800 रूपये व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। लूटी गई रकम को आपस में बंटावारा कर लिया।

# आग से पुराने टायरों की दुकान जलकर खाक



पुरानी कृषि मंडी के पीछे की घटना संचालक को लाखो का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार की रात्रि एक पुराने टायरों की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में पूरी दुकान जलकर खाक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय उस्मानिया बाड़ा निवासी फारूख की पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे पुराने टायर व पंचर की दुकान है। इन दिनों फारूख दुकान बंद कर अपने गृह ग्राम बिहार गया है। रविवार की रात्रि दुकान से धुआं निकलने लगा। दुकान में रखे पुराने टायर व ट्यूब में आग पकड़ने के बाद लपटें बढ़ती चली गईं। धीरे-धीरे आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। दुकान को आग से घिरा देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने मशक्कत शुरू कर दी लेकिन आग बुझने से पहले दुकान में रखी पुराना टायर, ट्यूब, एयर मशीन पूरी तरह से जल गई। इस घटना में दुकान संचालक को लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज में एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध नजर आ रही हैं।

# अटल आरोग्य लैब की रिपोर्ट में गड़बड़ी पर जिला अस्पताल प्रबंधन हुआ सख्त

- को-ऑर्डिनेटर को कारण बताओ नोटिस जारी, गुणवत्ता मानकों का पालन करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अटल आरोग्य लैब की जांच रिपोर्ट में 24 घंटे के भीतर अलग-अलग परिणाम आने की शिकायत को जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड द्वारा संचालित अटल आरोग्य लैब के लैब को-ऑर्डिनेटर को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में तथ्यात्मक जवाब मांगा गया है।

प्रबंधन ने जांच रिपोर्ट में सामने आई विसंगतियों के कारणों के साथ सुधारात्मक उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों एवं प्रयोगशाला प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है।

निर्देशों में मशीनों के नियमित क्वालिटी कंट्रोल, कैलिब्रेशन, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन, उपकरणों के रखरखाव तथा प्रत्येक जांच रिपोर्ट जारी करने से पहले अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया का पालन शामिल है। तकनीकी एवं विशेषज्ञ स्टाफ की जवाबदेही तय करने तथा आवश्यकता पड़ने पर लैब की आंतरिक गुणवत्ता जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और त्रुटिरहित जांच सुविधा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि जांच में लापरवाही, गुणवत्ता मानकों के उल्लंघन या अनुबंध की शर्तों के पालन में कमी की पुष्टि होती है तो संबंधित संस्था और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला चिकित्सालय ने आमजन को भरोसा दिलाया है कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने और मरीजों के हितों की सुरक्षा के लिए प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता और पारदर्शिता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## पुरी और परसतराई की महिलाओं ने योजना का लाभ दिलाने की मांग की

# आवास योजना की लिस्ट से नाम काटे जाने की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पात्र हितग्राहियों के नाम काटे जाने की शिकायत की गई है। ग्राम पुरी तथा परसतराई से पहुंची दर्जनों महिलाओं ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत पुरी की कुंदेश्वरी साहू, अनीता, सोहद्रा, हेमपुष्पा साहू, बिसन साहू, शिवकुंवर, रेखा, भावना, पिंगला, भुनेश्वरी ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत में 40 लोगों का नाम लिस्ट में आया था लेकिन वर्तमान में जारी की गई लिस्ट में सभी 40 लोगों का नाम नहीं है। अब वे प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो रही हैं। महिलाओं ने बताया कि तकनीकी सहायक ने गांव में आवास के लिए निरीक्षण किया और बिना कारण बताए उन लोगों का नाम लिस्ट से काट दिया है। आगे कहा है कि वे सभी आर्थिक रुप से कमजोर हैं। रोजी मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उनके नाम काटे जाने को लेकर ग्रामसभा भी नहीं बुलाई जा रही है। उन्होंने पुनः तकनीकी सहायक से निरीक्षण कराकर योजना में नाम शामिल कराने की मांग की है।

ग्राम पंचायत परसतराई की महिला टेकेश्वरी साहू, बुधयारिन, बिंदाबाई, लक्ष्मी, प्रियंका साहू, कामिन, प्रेमबती ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि परसतराई के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 और 8 में उनका नाम पीएम आवास की लिस्ट में आया था। वर्तमान लिस्ट में उनका नाम काट दिया गया है। इससे योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। उन्होंने पात्रता रखने वाले ग्रामीणों का पुनः सर्वे कराकर योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।



## खबर संक्षेप



### डांडेसरा के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में पिन्टू साहू के जन्मदिन के अवसर पर पिता वासुदेव साहू एवं मां भगवती साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को न्योता भोज में केक, चाकलेट, बिस्किट एवं खीर-पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, टिकेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीतू जोशी, सहायिका दामिनी जांगड़े उपस्थित थे।

### दो शराब कोचिया पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** कोरर पुलिस ने 28 जून को छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तेतापारा चिल्हाटी निवासी तुलाराम तेता पिता दयाराम तेता अपने कब्जे में 40 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 14 हजार 750 रूपएं को बेचने लिए अवैध रूप से रखा हुआ था व नगद 120 रूपएं को जप्त किया गया। दूसरी कार्यवाही में आरोपी बाबुदबेना निवासी 35 वर्षीय लोकेश नेताम पिता जोगी राम नेताम के कब्जे से 8 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखा कर ठेकेदार बना रहा चबूतरा

## मंडी बोर्ड के चबूतरा निर्माण में गड़बड़ी के आरोप, मिट्टी पर मुरूम की परत, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम कचना की सोसाइटी में मंडी बोर्ड द्वारा चबूतरा निर्माण कराया जा रहा है जिसमें ठेकेदार की मनमानी चल रही है। अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मंडी बोर्ड के अधिकारी कमल यादव ने पूर्व में आदेश किया था कि मिट्टी को निकालकर वहां मुरुम डालना है लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते वहां से मिट्टी नहीं निकाली गई है और उसके ऊपर मुरूम की लेप लगाई जा रही है।

ग्रामीणों ने कहा कि जिस प्रकार ठेकेदार अधिकारियों की बातों की अनदेखी कर रहा है। इससे प्रतीत होता है कि कहीं अधिकारी भी इस मामले में सम्मिलित तो नहीं है जिसके चलते ठेकेदार का हौसला बुलंद तो नहीं है।

ज्ञातव्य है कि किसानों से खरीदे गए धान को सुरक्षित रखने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कचना में 8 लाख रुपये की लागत से चबूतरा का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है ताकि किसानों का धान पानी एवं चूहों से सुरक्षित रह सके लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते चबूतरा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

किसानों ने बताया कि चबूतरा निर्माण में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। मुरूम की जगह मिट्टी डाली गई है। जिस जगह चबूतरा का निर्माण हो रहा है, वहां की मिट्टी ही काली है।





### सूचना पटल नहीं लगा

इस संबंध में ठेकेदार से जानकारी ली गई तो उसने कहा कि विभाग द्वारा मिट्टी डालने का ही प्रावधान है। अधिकारी से बात कर लो। निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधित किसी भी प्रकार का सूचना पटल नहीं लगा है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग कलेक्टर से की है। वहीं मंडी बोर्ड अधिकारी कमल यादव से बात करने पर उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण करने की बात कही है।

## 3000 बच्चों का भविष्य अंधकार में, नगरी विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त

# 76 सरकारी स्कूल सिर्फ 1-1 शिक्षक के भरोसे

- आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज साक्षी ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

नगरी विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था की बदहाली ने सिस्टम की पोल खोल दी है।



आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि नगरी ब्लॉक के 76 सरकारी स्कूल केवल एक-एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इसमें 50 प्राथमिक शाला और 26 मिडिल स्कूल शामिल हैं। 3000 से अधिक स्कूली बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है।



### डिजिटल इंडिया के दावों की हवा निकल रही

मनोज साक्षी ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस गंभीर मुद्दे को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के माध्यम से आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठवाएंगे। उन्होंने कहा कि सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व के नाम पर नगरी के 60 गांव पहले से ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। अब बच्चों से उनका पढ़ने का मौलिक अधिकार भी छीना जा रहा है। एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया और स्मार्ट क्लास की बड़ी-बड़ी बातें करती है, दूसरी तरफ नगरी के स्कूलों में बच्चों को ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाने वाला शिक्षक तक नसीब नहीं है।

### सरकार के सामने रखीं 4 सूत्रीय मांगें

शिक्षा की इस भयावह स्थिति को सुधारने के लिए मनोज साक्षी ने सरकार के सामने 4 सूत्रीय मांग पत्र रखा है। नगरी विकासखंड को विशेष शिक्षक भर्ती जोन घोषित किया जाए। स्थानीय शिक्षित युवाओं को प्राथमिकता देते हुए अगले 3 माह के भीतर सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। नगरी जैसे दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षकों को रोकने के लिए दूरस्थ क्षेत्र भत्ता दोगुना किया जाए। वर्तमान में शिक्षक यहां जॉइन करते ही कुछ महीनों में ट्रांसफर करा लेते हैं, जिससे पद फिर से खाली हो जाते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी की जवाबदेही तय की जाए।

मनोज साक्षी ने शिक्षा का अधिकार कानून आरटीई का हवाला देते हुए कहा कि 30 बच्चों पर 1 शिक्षक अनिवार्य है लेकिन नगरी ब्लाक में हालात ये हैं कि एक शिक्षक को एक साथ 5 कक्षाओं को संभालना पड़ रहा है। वही शिक्षक हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान सब विषय पढ़ाएगा।

इसके अलावा मिड-डे-मील की व्यवस्था, शाला का पूरा डाक कार्य, चुनाव ड्यूटी, बीएलओ का काम भी उसी एक शिक्षक के जिम्मे है। ऐसे में सवाल उठता है कि बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कब और कैसे होगी। इसका सबसे बुरा असर आदिवासी लड़कियों की शिक्षा पर पड़ेगा। लड़कियां सबसे पहले स्कूल छोड़ने को मजबूर होंगी।

## अंचल की खबरें

### मुड़केरा में सामाजिक चेतना की अलख जगाया



- ध्रुव गोंड़ समाज ने बच्चों और युवाओं को किया प्रेरित

**नगरी।** ध्रुव गोंड़ समाज सिंगपुर परिक्षेत्र के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम मुड़केरा में बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ सामाजिक जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, नशामुक्ति, स्वरोजगार (बिजनेस), बचत की आदत, सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा समाज की संस्कृति, संस्कार एवं परंपराओं के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। युवाओं से नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर आत्मनिर्भर बनने, बचत की आदत विकसित करने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सिंगपुर परिक्षेत्र के सचिव गोकुल ध्रुव तथा कंप्यूटर ऑपरेटर भागीरथी सोरी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### गुलाब फूल भेंटकर विद्यार्थियों का किया सम्मान



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला कमारपारा अमाली में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। अतिथि हिरौंदी ध्रुव सरपंच, पंच देवकुमार कश्यप, लता ध्रुव, तुलेश्वरी ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, सरस्वती यादव, सिद्धेश्वर साहू, विरेन्द्र ध्रुव, शैलेन्द्री साहू, सविता ध्रुव, चन्द्रिका, ओमबती कश्यप, सेवन यादव थे। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाब का फूल भेंटकर, तिलक लगाकर एवं आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं बच्चों के विद्यालय से जुड़ाव को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

### भाजयुमो जिला महामंत्री ने छात्रों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ओमेश यादव द्वारा विद्यार्थियों को कॉपी, पेन एवं कंपास बॉक्स का वितरण किया गया। वहीं गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं, जिन्होंने इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश लिया है, उन्हें पूरे शैक्षणिक सत्र के सभी विषयों का कॉपी सेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित छात्र हर्ष ध्रुव पिता नरेन्द्र ध्रुव का भी सम्मान किया गया। जिला महामंत्री ओमेश यादव ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नियमित प्रार्थना एवं बच्चों को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान देने का उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों का विकास ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में आमदी मंडल महामंत्री योगेश सिन्हा, हिरेन्द्र कुमार, मनीष साहू, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की मदद को लेकर मिलकर काम करने पर बनी सहमति

# बस्तर में सेवा कार्यों के विस्तार पर सोनू सूद और डॉ. प्रेमासाई महाराज के बीच चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद/सिर्री

समाजसेवा से जुड़े कार्यों को लेकर बॉलीवुड अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद और मां मातंगी दिव्य धाम जामगांव के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई महाराज के बीच मुलाकात हुई।

इस दौरान बस्तर क्षेत्र सहित जरूरतमंद लोगों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सहायता पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान डॉ. प्रेमासाई महाराज ने सोनू सूद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें मां मातंगी दिव्य धाम में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे सोनू सूद ने स्वीकार किया। चर्चा में धाम द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी गई। इनमें जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सहयोग, स्वास्थ्य सहायता, गौ संरक्षण और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्य शामिल हैं। साथ ही भविष्य में बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा और संस्कार आधारित गतिविधियां शुरू करने की योजना पर भी विचार साझा किए गए। दोनों के बीच बस्तर अंचल में सेवा कार्यों को और व्यापक बनाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंद परिवारों के सहयोग के क्षेत्र में मिलकर प्रयास करने की बात कही गई।



### कमजोर वर्गों तक मदद पहुंचाना मेरा उद्देश्य : सूद

सोनू सूद ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों तक मदद पहुंचाना सेवा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। मां मातंगी दिव्य धाम और सूद चैरिटी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आने वाले समय में बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में जनहित से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

# सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा रही ऐतिहासिक व यादगार : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

22 से 26 जून तक आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 1008 सदस्यीय सांस्कृतिक दल ने भाग लेकर ऐतिहासिक यात्रा को यादगार बना दिया। धमतरी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे कलाकारों, साहित्यकारों और संगीत साधकों ने वेरावल एवं सोमनाथ धाम में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। संतोष ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान और भारतीय विरासत से जुड़ने का अनुपम अवसर रही।

यात्रा के दौरान कविता वासनिक के मधुर गीत, पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर का लोकगायन, दुष्यंत, राकेश, जितेंद्र, युगल, पुराणिक और गुरुशरण के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं यशवंत जैन, चेमन देशमुख, पवन साहू, टीनेश्वर बघेल तथा अन्य साथियों के सहयोग ने यात्रा को सफल बनाया। नोडल अधिकारी श्री जांगड़े और जितेंद्र सोनी की बेहतर व्यवस्थाओं की भी सभी ने सराहना की। संतोष ने कहा कि यह अविस्मरणीय यात्रा जीवनभर प्रेरणा



# मुकुट पहनाकर किया छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा लोहरसी में शाला प्रवेशोत्सव एवं विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेतन हिन्दूजा कोषाध्यक्ष भाजपा थे। अध्यक्षता महेश्वरी गजेन्द्र सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि चंद्रहास साहू, उपसरपंच तथा विशेष अतिथि टीकमचंद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, हेमूलाल गंगबेर पूर्व एसएमसी अध्यक्ष, सुकेशकुमार साहू, ग्राम पटेल सरजू राम गंगबेर समिति के सक्रिय सदस्य लक्ष्मण सिंह साहू, गैंदलाल साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर, पंच सरिता साहू, पम्मी जाधव, सरिता नेताम, डिगेश्वरी साहू, संकुल प्राचार्य दिनेश अग्रवाल थे।

बच्चों द्वारा सांस्कलिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा पहली से पांचवीं तक नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन, मुकुट पहनाकर व मिठाई खिलाकर गणवेश, पाठ्यपुस्तक देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री हिन्दूजा ने प्रवेश उत्सव के महत्व को समझाया साथ ही पालकों के कर्तव्य पर भी प्रकाश डाला। श्री हिंदूजा ने बच्चों के लिए झूला व फिसलपट्टी प्रदान की। सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती नीलिमा नेताम के मार्गदर्शन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दीपक कुमार ने फोटोग्राफी की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ज्योतिष कुमार विश्वास एवं सुनील यदु व आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक श्रीमली डिलेश्वरी सिन्हा ने किया।



# रांवा में प्रवेश उत्सव के साथ मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

- सेवानिवृत्त प्रधानपाठक आरके साहू को दी गई विदाई

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भर्रीपारा रांवा में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव, मेधावी छात्र सम्मान और सेवानिवृत्त प्रधानपाठक आरके साहू का विदाई कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके साहू सेनि प्रपा शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भर्रीपारा रांवा व विशिष्ट अतिथि श्रीमती देहुति साहू जनपद सदस्य जपं धमतरी, एनके गजेंद्र प्राचार्य शाउमावि रांवा, बीआर साहू संकुल प्राचार्य रतनलाल साहू शाउमावि कुर्रा थे। अध्यक्षता श्रीमती लक्ष्मी साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने की। भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव और सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर साहू भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकें दी गई। सत्र 2025-26 की केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा 5वीं, 8वीं में विद्यालय व संकुल स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले और 10वीं, 12वीं वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। आरके साहू प्रपा शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भर्रीपारा रांवा को सेवानिवृति पश्चात संकुल से विदाई दी गई। शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपार के प्रपा टीकाराम सिन्हा ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठक द्वारा शिक्षा विभाग को दिए अमूल्य योगदान की जानकारी दी। श्रीमती देहुति साहू ने सेवानिवृत प्रधानपाठक के योगदान और संस्कार को याद किया। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य द्वय ने उत्कृष्ट योगदान के लिए आभार माना।

कार्यक्रम में शिक्षक रामबगस गंगबेर, राधेश्याम ध्रुव, महेश्वर साहू, चंपी साहू, खिलेश्वरी बनपेला, रोहणी साहू, मिथिलेश सिन्हा, सुरेंद्र साहू, देवव्रत साहू, सतीशचंद्र साहू, पंकज प्रकाश साहू, सुरेश साहू, लालचंद साहू, एकनाथ साहू, जीवराज साहू, नरसिंग साहू समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चुनेश साहू शिक्षक व आभार प्रदर्शन तरुण साहू संकुल समन्वयक संकुल केंद्र कुर्रा ने किया।



## नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बच्चों को पिलाई जीवन रक्षक खुराक

# पोलियोमुक्त भारत के संकल्प को मिली मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की जीवन रक्षक दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

नगर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों की सक्रिय सहभागिता से विशेष अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की जीवन रक्षक खुराक पिलाई गई।

सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में माताएं अपने नौनिहालों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचीं। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर एवं चिन्हित स्थानों पर पहुंचकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि पोलियो की दो बूंद हर बच्चे का अधिकार है। अभिभावकों का दायित्व है कि वे प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने बच्चों को यह जीवन रक्षक खुराक अवश्य दिलाएं।

अभियान में अश्वनी निषाद, राजा पवार, विकास सोनी, आतिश देवांगन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने सहयोग किया।



Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, नशामुक्ति, डायल-112 पर दी जानकारी

## एसपी के निर्देशन में करगा हाईस्कूल में चला जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस चौकी बिरेझर द्वारा ग्राम करगा स्थित हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




### ड्रायविंग करते मोबाइल उपयोग न करें

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के नुकसान, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई गई। यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की गई।



कार्यक्रम में नशामुक्ति पर विशेष जोर देते हुए शराब, गांजा, नशीली दवाइयों एवं अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में डायल-112 सेवा के उपयोग और त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। पुलिस ने विद्यार्थियों से अपने परिवार और समाज में भी इन जानकारियों को साझा कर सजग नागरिक, सुरक्षित समाज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## अंचल की खबरें

### आंबा सांकरा में बच्चों को दी पोलियो की दवा



**सांकरा।** पल्स पोलियो दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्र छिंदपारा सांकरा में सरपंच नागेंद्र बोरझा एवं ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पंच रमेश कुमार मरकाम, मनोज पटेल, लव कुमार साहू द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

### पीएमश्री कठौली में खुली बालवाड़ी, प्रवेश उत्सव मना



**सिर्री।** पीएमश्री शाप्रा व माध्यमिक शाला कठौली में प्रवेश उत्सव के साथ बालवाड़ा का उदघाटन मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने किया। विशेष अतिथि कठौली सरपंच डां खेमराज साहू थे। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेशराम साहू, टिकेश विश्वकर्मा, रुपकला साहू, लिलेश साहू, लोकेश्वरी साहू, छबिलाल साहू, प्रपा ललित साहू, चंद्रकांत नगारची, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूखमणि साहू ने बच्चों को मिठाई खिलाई। पुस्तक व गणवेश वितरण कर बच्चों को बालवाड़ी व विदयालय में प्रवेश दिलाया गया। डॉ. खेमराज द्वारा न्योता भोज बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रचार्य एनके धीवर, संकुल समन्वयक दिनेश साहू ने हर्ष जताया है।

### मंथन कार्यशाला में पहुंचे कई जिलों के व्याख्याकार

**धमतरी।** राजमानस संघ द्वारा तीन दिवसीय व्याख्यान मंथन कार्यशाला आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रुद्री रोड में 28 जून तक आयोजित की गई है जिसमें छग के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, गरियाबंद, धमतरी, ओडिशा सहित विभिन्न जिलों के व्याख्याकार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में राज मानस संघ धमतरी छग के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, संरक्षकगण सियाराम साहू, डोमार सिंह दादरा, शिवदयाल साहू, कोदूराम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, सचिव जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू मौजूद थे। प्रशिक्षक महेन्द्र कुमार साहू, प्रेम साहू गुदगुदा, लोकेश्वर साहू, प्यारेलाल साहू हैं। संचालन योगेश्वर साहू उपाध्यक्ष ने किया। 150 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



### अग्निवीर में चयनित लीनिमा को दी विदाई



**धमतरी।** अग्निवीर योजना अंतर्गत भारतीय सेना में चयनित सैनिक कुमारी लीनिमा साहू ग्राम शंकरदाह के सम्मान में विदाई एवं अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। सरपंच रमी गौतम, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिन्हा ने कहा कि लीनिमा साहू की यह उपलब्धि पूरे गांव, क्षेत्र एवं समाज के लिए गौरव का विषय है । उनके चयन से क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रसेवा एवं सेना में भर्ती होने की प्रेरणा मिलेगी। लीनिमा साहू एवं ग्राम डोड़की के उत्तम ध्रुव ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। मौके पर भानुप्रताप नेताम, हेमंत साहू, राजीव सिन्हा, मानिक सिन्हा, यशवंत देवदास, रामकृष्ण ध्रुव, संतराम साहू, सीता ध्रुव, दीपा निषाद, सखाराम साहू, जीवन साहू, नरेंद्र सिन्हा ने हर्ष जताया है।

## कई बार जनप्रतिनिधियों से लगाई समाधान की गुहार

# चिंवरी टिकरापारा के ग्रामीण जूझ रहे मूलभूत सुविधाओं के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम चिवरी टिकरापारा के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक पहुंचने के लिए संकरा रास्ता से चलना पड़ रहा है। कीचड़ और खराब रास्ते के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगभग 50 परिवार है। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बारिश के दौरान मार्ग पर बहने वाले नाले के कारण स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है।



ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ लोग अपनी जमीन की घेराबंदी कर रहे हैं जिसके कारण मार्ग संकरा हो गया है। बड़े वाहन गांव तक नहीं जा पा रहे हैं। कच्चा मार्ग बारिश में पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। पशुओं को लाने-ले जाने में भी काफी परेशानी होती है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस या अन्य वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिलना कठिन हो जाता है।

सड़क निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर उन्होंने कई बार जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिए हैं। बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए चारदीवारी (घेराबंदी) निर्माण की भी मांग उठाई है। मांग करने वालों में रेखाबाई नेताम ,श्याम बाई नेताम, सुरेन्द्र मरकाम, महेन्द्र नेताम, उत्तम कुमेटी, लक्ष्मीदेव नेताम, पतिराम कुमेटी, चमरूराम मरकाम, आत्माराम नेताम समेत अन्य हैं।

## छात्र प्रतिनिधियों ने ली अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शाउमावि भेंण्डरा में छात्र संघ का गठन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य संतोष महिलांगे की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री महिलांगे ने विद्यार्थियों को बताया कि छात्र संघ विद्यालय में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण एवं देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

गीतांशु कक्षा 12वीं शाला नायक, डिंपल कक्षा 11वीं शाला उपनायक, साक्षी कक्षा 12वीं पर्यावरण प्रभारी, चांद कक्षा 12वीं अनुशासन प्रभारी, उषा कक्षा 12वीं क्रीड़ा प्रभारी, रिद्धिमा कक्षा 12वीं सांस्कृतिक प्रभारी तथा चित्रलेखा कक्षा 12वीं स्वच्छता प्रभारी नियुक्त किये गये। वरिष्ठ व्याख्याता टीआर साहू ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने हेतु सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी। स्पष्ट लक्ष्य एवं दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। सभी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें संबंधित पदों के बैच पहनाए गए। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस प्रभारी पीएम साहू ने किया।

## त्रिलोक का अग्निवीर में चयन सम्मान समारोह में दी विदाई



- मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर हासिल किया लक्ष्य, अखबार बांटते हुए की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम डोंगरडुला के त्रिलोक साहू के भारतीय सेना में अग्निवीर (जीडी) के रूप में चयनित होने पर गांव में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों ने फूल-माला पहनाकर उन्हें प्रशिक्षण के लिए रवाना किया। वह भी - पुष्पा साहू के पुत्र हैं।

त्रिलोक साहू की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष की प्रेरणादायक कहानी रही है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ गांव और आसपास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार का वितरण करते हुए सेना भर्ती की तैयारी जारी रखी। लगातार मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने भारतीय सेना में स्थान हासिल कर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।

करीब 10 वर्षों बाद ग्राम डोंगरडुला से किसी युवा का भारतीय सेना में चयन होने पर गांव में खुशीका माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि त्रिलोक की सफलता अन्य युवाओं को भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

मौके पर मोहित राम साहू, रुक्मणि साहू, अनुसुईया साहू, हेमा साहू, मोनू साहू, शालू साहू, जनपद सदस्य पुष्पा देवी मंडावी, सरपंच स्मृति नेताम, सरपंच रूपेंद्र मरकाम, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष जीवन बघेल, ग्राम पटेल रघुराम यादव, पूर्व सरपंच फुलेश्वरी नेताम, संतोष चौहान, राजू कावड़े, पंचायत सचिव जोहर मरकाम, रोजगार सहायक कपिल प्रजापति, शिक्षक डमरू साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष श्यामलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला जेल का विधायक ओंकार ने किया औचक निरीक्षण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने गुरुवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा प्रबंधन तथा भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। विधायक श्री साहू ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर की कुछ नालियों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई कराने एवं नियमित स्वच्छता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जेल में सभी आवश्यक सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं तथा व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जाए। श्री साहू ने कहा कि जेल केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार एवं पुनर्वास का केंद्र भी है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि
जग कहता है तुम रहे नहीं, मन कहता है तुम हो यहीं। जग भी सच्चा, मन भी सच्चा,
तुम गए सही पर मिटे नहीं।



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता
श्रीमती इन्द्रावती चन्द्राकर
का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 21.06.2026 दिन रविवार को हो गया है
इस शोक की घड़ी में सहपरिवार सम्मिलित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
दशगात्र एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम : 30.06.2026, मंगलवार
कार्यक्रम स्थल : ग्राम दहदहा (कुरूद)
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक सम्पन्न होगा

शोकाकुल परिवार
दीनबंधु, राजेन्द्र, कुमार, वासुदेव, रमेश, हेमंत, भीषम, रवि, अभिषेक, निकेत, जियांश, शैव, रूद्रांश, मानविक, पुष्पराज, इन्द्रदेव, गोकुल, अंकित एवं समस्त चन्द्राकर परिवार दहदहा-अछोटी

- शोकसंतप्त -
श्रीमती रमा चन्द्राकर
श्रीमती डेश्वरी-कुलेश्वर
श्रीमती नीलिमा-टिकेन्द्र
श्रीमती भूमिका-कृष्णा
श्रीमती योगिता-शंभू
श्रीमती दिव्या-मनोज

- विनीत -
संजय चन्द्राकर (सुपुत्र)
श्रीमती कल्याणी चन्द्राकर (पुत्रवधु)
डीलन चन्द्राकर (सुपुत्र) (सरपंच दहदहा)
श्रीमती करूणा चन्द्राकर (पुत्रवधु)
मो. : 8085623399

जिस किसी स्नेहीजन को आमंत्रण न मिला हो कृपया इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### मुजगहन में सुनी गई मन की बात

**धमतरी।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू के निज निवास आबादीपारा मुजगहन में जिला महामंत्री राकेश साहू की उपस्थिति में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण को उत्साह एवं आत्मीयता के साथ सुना गया। श्रीमती धनेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार, राष्ट्र निर्माण का संकल्प, जनभागीदारी का संदेश एवं देशवासियों की प्रेरक कहानियां हम सभी के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत हैं।

### कोई भी बच्चा पल्स पोलियो ड्राप से वंचित न रहे

**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पल्स



पोलियो अभियान के तहत वार्ड पार्षद अखिलेश सोनकर ने बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद श्री सोनकर ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए। कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे तथा अपने आसपास के परिवारों को भी इसके लिए जागरूक करें।

### पार्षद सुमन ने पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**धमतरी।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जोधापुर डाक बंगला वार्ड में बूथ का शुभारंभ पार्षद सुमन मेश्राम ने बच्चों को पोलियो की



खुराक पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पालक अपने 0-5 साल तक के बच्चों को बूथ पर लाकर दवा जरूर पिलाएं। पार्षद मेश्राम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और घर-घर दस्तक देकर बच्चों को दवा पिलाने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड के गणमान्य नागरिक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता उर्वशी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीपमाला गजेंद्र, मितानिन आशा टंडन, चंद्रिका साहू उपस्थित थे।

### नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का असर प्राथमिक शाला खरतुली में बढ़ी प्रवेश संख्या



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में अनेक नवाचार, गतिविधियां, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारक्षम वातावरण से प्रभावित होकर निजी विद्यालय के पालक अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने लगे हैं। अंग्रेजी मीडियम से भी बच्चे प्रवेश लिए हैं। प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा जब से पदस्थ हुए हैं तब से लगातार अनेक नवाचारों पर काम कर रहे हैं। आर्कषक प्रार्थना सभा, पालक चले स्कूल की ओर, लेखन कौशल के लिए बाल मन मासिक पत्रिका, चलो पढ़े एक संग, अभिव्यक्ति कौशल के लिए नकली टीवी के माध्यम से चार भाषाओं का ज्ञान। अंग्रेजी में बातचीत, बच्चों का पहाड़ा ज्ञान, देश भक्ति गीत, रोमांचक खेल, नित्य योग, स्मार्ट टीवी से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, अध्यापन, खेल खेल में शिक्षा, स्वच्छ पेयजल के लिए वाटरकूलर, किचन गार्डन आदि व्यवस्था के कारण पालकों का विश्वास और रुझान इस स्कूल की ओर होने लगा है।

### पार्षद ने सड़क दुर्घटना में घायल गाय का कराया उपचार

**धमतरी।** नहर नाका चौक के पास एक गाय सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। दुर्घटना के बाद गाय सड़क किनारे दर्द से कराहती हुई पड़ी थी।



राहगीरों की नजर जब घायल गाय पर पड़ी तो इसकी जानकारी दानीटोला वार्ड के पार्षद अज्जू देशलहरे को दी। सूचना मिलते ही पार्षद अज्जू देशलहरे अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय के उपचार की व्यवस्था कराई। वेटरनरी डॉक्टर ने घायल गाय का प्राथमिक उपचार किया तथा चोटिल हिस्सों की मरहम-पट्टी की। उपचार के बाद गाय को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रखा गया ताकि उसे किसी प्रकार का और नुकसान न पहुंचे। लोगों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले पशुओं को समय पर उपचार मिलना जरूरी है, जिससे उनकी जान बचाई जा सके।

### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**धमतरी।** दानीटोला में वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान की शुरुआत की।



अभिभावकों से सभी बच्चों को समय पर पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। इस अवसर पर पार्षद अज्जू देशलहरे ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचना आवश्यक है। स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के निर्माण में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदना रामटेके, मितानिन खिलेश्वरी साहू, देवकी साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### बांधा स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बांधा में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बांधा सरपंच रमेश मंडावी, नरसिंह मरकाम, बालाराम मंडावी, पर्वत कुंजाम, जलसिंह कुंजाम, गेंदलाल मंडावी, मिलऊराम मरकाम, केपी अग्रवाणी, मन्नूलाल सोन एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# बारिश नहीं होने से खेती किसानी का काम 15 दिन पिछड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मानसून की दगाबाजी ने किसानों की माथे पर चिंता की लकीर खींच दी है। जून में बारिश नहीं होने से ज्यादातर किसान अपने खेतों में धान की बोनी नहीं कर पाये हैं। जिन किसानों ने खुर्रा बोनी के तहत अपने खेतों में धान के बीज डाल दिये हैं, उन्हें बारिश का बेसब्री से इंतजार है। किसानों का कहना है कि बारिश नहीं होने से खेती पिछड़ रही है। गौरतलब है कि हर साल 15 जून के बाद से ही किसान अपने खेतों में खरीफ फसल की तैयारी में जुट जाते हैं और जुलाई माह शुरु होने से पहले ही बोनी का काम लगभग शत प्रतिशत पूरा हो जाता है। लेकिन इस साल मानसून की दगाबाजी ने किसानों की चिन्ता बढ़ा दी है। जिन किसानों के पास स्वयं का सिंचाई साधन है, वे अपने खेतों की जुताई व मताई शुरू कर रहे है लेकिन तेज गर्मी और बारिश नहीं होने से बोर पंप भी जवाब देना शुरू कर दिया है।

### दगाबाज मानसून से किसान परेशान



#### छा रहे काले बादल, पर नहीं हो रही बारिश

कुछ किसानों ने मताई कर धान बोनी प्रारंभ कर दी है मगर बीज के खराब होने की आंशका है। किसान बारिश के लिये उपर टकटकी लगाए देख रहे हैं। प्रतिदिन आसमान में काले बादल भी छा रहे हैं लेकिन हल्की बूंदाबांदी के बाद वापस लौट जा रहे हैं। कहीं कहीं हल्की बारिश हो रही है जिसके कारण खेती किसानी का काम 15 दिन पीछे चल रहा है। क्षेत्र में सिंचाई का साधन सीमित नहीं है। आधे से अधिक किसान भगवान भरोसे खेती करते हैं लेकिन अब उन्हें बारिश नही होने से चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों में बारिश नहीं होने पर काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि खाद बीज और दवाई महंगी होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद व दवाई की कालाबाजारी के चलते किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है।

### जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# पहले दिन जिले के 92 प्रतिशत बच्चों ने ली पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इतवारी बाजार धमतरी से किया गया। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेहाना कदीर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा जैन, बांसपारा पार्षद श्रीमती चन्द्रभागा साहू सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि जिले में अभियान के प्रथम




दिवस उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए निर्धारित लक्ष्य के 92 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पहले दिन जिले के 1 लाख 1 हजार 734 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। उन्होंने बताया कि विकासखंडवार गुजरा में 22,623, नगरी में 22,651, कुरूद में 27,819, मगरलोड में 15,360 तथा धमतरी शहरी क्षेत्र में 13,281 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

अभियान अंतर्गत जिले में प्रातः 7 बजे से शाम 4 बजे तक पोलियो बूथों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चयनित विद्यालयों में टीकाकरण किया गया। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों एवं आवागमन वाले स्थानों पर तैनात ट्रांजिट दलों ने यात्रा कर रहे बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई। टीकाकरण उपरांत प्रत्येक बच्चे के बाएं हाथ की छोटी उंगली पर इंडेलिबल मार्कर से निशान लगाया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा कोटवारों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कौशिक ने जिले के पालकों से अपील की है कि जिन बच्चों को प्रथम दिवस पोलियो की खुराक नहीं मिल सकी है, उन्हें आगामी घर-घर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य दलों को अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि जिले का कोई भी पांच वर्ष से कम आयु का बच्चा पोलियो की जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे।

# नगर विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



■ नवनियुक्त एल्डरमैनों ने महापौर रामू रोहरा से की मुलाकात

**धमतरी।** नगर पालिक निगम धमतरी में एल्डरमैन के रूप में नियुक्ति मिलने के बाद सभी नवनियुक्त एल्डरमैन ने महापौर रामू रोहरा के निवास पहुंचकर भेंट की तथा संगठन एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। नवनियुक्त एल्डरमैनों ने कहा कि संगठन एवं पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। महापौर श्री रोहरा ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम में उनकी सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल योजनाओं को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना भी है। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित धमतरी का निर्माण है। सभी जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास, सकारात्मक सोच और समन्वय से शहर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

इस दौरान शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने सहित विभिन्न विकासात्मक विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। मौके पर एल्डरमैन दिलीप पटेल, विजयसिंह ठाकुर, भागवत यादव, अरविंदर मुंडी, सीमा चौबे, प्राची सोनी एवं रितिका यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत कबीर और उनके दोहे हमारी अमूल्य विरासत है : पं राजेश



■ कबीरदास जयंती समारोह में शामिल हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा नगर के महावर धर्मशाला में सोमवार को कबीर दास जयंती मनाई गई। महाचौका आरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्म प्रेमी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कबीर दास ने उस दौर में खिलजी वंश के क्रूर इस्लामिक शासन के आवेग को अपने दोहे से परास्त किया।

संत कबीर और उनके दोहे पूरी दुनिया के लिए अमूल्य विरासत है। इन्हें सहेजना, इनसे सीखना, इनको जीना, पीढ़ी दर पीढ़ी ट्रांसफर होना चाहिए। मौके पर समाज के वरिष्ठजन भगवान दास, गणपति दास, वामन दास, रमेश दास, जीवन दास, कुमुददास, सुकृत दास, भेदू दास, वरुण दास, अशोक दास, संतोष दास, जतिन दास, आकाश दास, गौरव दास, अजय दास, शंकर दास समेत अन्य मौजूद रहे।

### 1971 बैच के सहपाठियों का स्नेह मिलन, गुरुजनों को किया याद, दिवंगत साथियों को दी श्रद्धांजलि

## 65 साल बाद फिर मिले बचपन के साथी यादों के संग मनाया 70वां जन्मदिन



1971



2026

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगभग 65 वर्ष पहले प्राथमिक विद्यालय में एक साथ शिक्षा प्रारंभ करने वाले और बाद में मिडिल स्कूल व कॉलेज तक साथ पढ़े सहपाठियों का पुनः धमतरी में स्नेह मिलन (रियूनियन) आयोजित किया गया। वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी साथियों ने पुरानी यादों को ताजा किया और अपने छात्र जीवन के सुनहरे पलों को साझा किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1971 में 11वीं उत्तीर्ण करने वाले इन सहपाठियों ने पहली बार 2021 में परिवार सहित माडमसिल्ली डैम में रियूनियन आयोजित किया था। इसके छह वर्ष बाद एक बार फिर धमतरी में आयोजित इस मिलन समारोह में धमतरी के गोपाल राणसिंह, दिनेश जाधव, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप पवार, धनंजय गायकवाड़, यशवंत पदमवार, इंदौर से दिनेश जायसवाल, दुर्ग से प्रकाश जैन, रायपुर से शरद गुप्ता, रमेश कोठारी, रमेश गुप्ता तथा बिलासपुर से शैलेश श्रीवास्तव शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्कूल-कॉलेज के दिनों, गुरुजनों और धमतरी की पुरानी यादों को साझा किया। नूतन स्कूल के तत्कालीन प्राचार्य स्व. शारदा प्रसाद शर्मा, म्युनिस्पिल कॉलेज के प्राचार्य स्व. पीके राय, कार्यालय अधीक्षक स्व. टीआर बाबर सहित अन्य शिक्षकों को याद किया गया। साथ ही मनोरंजक खेलों और विभिन्न गतिविधियों का भी आनंद लिया गया।

इस अवसर पर समूह के सदस्य गोपाल राणसिंह का 70वां जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। वहीं पारिवारिक कारणों से सुरेश गोलछा, सुरेश बच्छावत और डॉ. अजय राव समारोह में शामिल नहीं हो सके।

वर्ष 2021 से 2026 के बीच दिवंगत हुए समूह के सदस्य गौतम लुनावत, शिरीष पवार, शरद फौजदार तथा मोहन डागा सहित सुरेश गोलछा की मां और डॉ. अजय राव की पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## शिक्षा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव : मोनिका

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन थीं। श्रीमती देवांगन ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की सर्वोत्तम पाठशाला है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया। श्रीमती देवांगन ने कहा कि शिक्षा ही विकसित समाज, सशक्त राष्ट्र और समृद्ध भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। एक शिक्षित समाज ही सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी में असीम



संभावनाएं निहित होती हैं और यदि वह अनुशासन, परिश्रम एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तो जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश यादव, सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा, भटगांव सरपंच फागुराम साहू, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री गिरधारी देवांगन, प्रभुराम यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## युवा आपातकाल के इतिहास को समझें : जितेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूरे होने पर भाजयुमो के जिला महामंत्री जितेश सिन्हा ने इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे दुखद अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि उस समय तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा बिना संसदीय बहस के देश में आपातकाल लागू किया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा। उनके अनुसार इस दौरान प्रेस पर कठोर



सेंसरशिप लगाई गई, न्यायपालिका की स्वतंत्रता प्रभावित हुई और विपक्षी दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों को बिना मुकदमे के जेलों में बंद किया गया। श्री सिन्हा ने कहा कि यह घटना सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है और इससे सीख लेकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आपातकाल के इतिहास को समझें और संविधान में निहित मूल अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

### भाजपा एससी-एसटी समाज विरोधी मानसिकता वाली पार्टी : रात्रे

**धमतरी।** बसपा नेता आशीष रात्रे ने सरकार द्वारा नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों



में एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर जमकर निशाना साधा है। श्री रात्रे ने कहा कि जिले में लगभग 25 एल्डरमैन की नियुक्ति हुई है लेकिन एससी एसटी वर्ग से किसी भी का प्रतिनिधित्व नहीं दिया है जिससे उनकी जातिवादी मानसिकता से घृणित सोच एससी एसटी समाज को ज्ञात हो गया है।













